# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/9817 दिनांक : 11-9-2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषय :–** विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षाफल में निरूद्ध (Detained) हटाये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय/महोदया,**

कृपया उपर्युक्त विषयक कार्यालय ज्ञाप संख्या :परीक्षा/9792 दिनांक 28.08.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा घोषित सम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में कतिपय कारणों से (महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फार्म, माइग्रेशन, अपेक्षित परीक्षा शुल्क न जमा करना, गलत विषय कोड का चयन करना एवं परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अन्य संगत अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये जाने आदि) कुछ छात्रों के निरूद्ध (Detained) कर घोषित ऑनलाइन परीक्षा परिणाम के सम्बन्ध में संगत अभिलेख जमा कराकर छात्रों के डिटेन्ड हटाने के सम्बन्ध में निर्देश निर्गत किये गये थे।

इस सम्बन्ध में सूचित करना है कि सम्बन्धित महाविद्यालय के लॉग–इन पर महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों के डिटेन्ड कर घोषित परीक्षा परिणाम वाले छात्रों की सूची कॉलेज लॉग इन के डाउनलोड सैक्शन में उपलब्ध करा दी गयी है। कृपया छात्रों से डिटेन हटाने सम्बन्धी वांछित प्रपत्र प्राप्त कर आवेदन पत्रों का परीक्षण कर सूची विश्वविद्यालय को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि विश्वविद्यालय द्वारा अपेक्षित कार्यवाही करते हुये छात्रों को डिटेन सूची से हटाते हुये मूल अंकतालिका निर्गत की जा सके। पुनः अवगत कराना है कि जिन छात्रों के परीक्षा परिणाम डिटेन्ड रहेंगे उन छात्रों के आगामी सत्र के परीक्षा फार्म किसी भी दशा में नहीं खोले जायेंगे।

परीक्षा नियन्त्रक

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
5. उपकुलसचिव(परीक्षा)।
6. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया संदर्भित पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
7. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

उप–कुलसचिव (परीक्षा)